**पहल** • एनपीसीआई ने शुरू की नई सुविधा

# खरीदारी में एआई से लें मदद, एआई एजेंट ही पेमेंट भी करेगा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

रोजरपे, एनपीसीआई और ओपनएआई ने 'एजेंटिक पेमेंट्स' की शुरुआत की है। यह यूजर्स को चैटजीपीटी जैसे एआई प्लेटफॉर्म के भीतर ही शॉपिंग की पूरी प्रक्रिया (ऑर्डरिंग और पेमेंट) को सहजता से पूरा करने की सुविधा देगा। मतलब अब लेनदेन के लिए आपको चैट इंटरफेस से बाहर निकलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस खास पहल का उद्देश्य ऑनलाइन खरीदारी और पेमेंट का अनुभव अभी के मुकाबले आसान बनाना है।

रोजरपे के सीईओ हर्षिल माथुर ने इसे एआई असिस्टेंट्स को सिर्फ सूचना देने वाले टूल से शॉपिंग एजेंट में बदलने की दिशा में भारत का पहला यूपीआई-इंटीग्रेटेड कंवरसेशनल पेमेंट अनुभव बताया है। एनपीसीआई का मानना है कि यूजर्स की मंजूरी से एआई एजेंट्स द्वारा सुरक्षित पेमेंट की सुविधा भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। अभी इसका पायलट (प्रायोगिक) प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।



## भास्कर नॉलेज

### ऐसे काम करेंगे एजेंटिक पेमेंट्स, अभी प्रायोगिक

- मान लीजिए कि आप चैटजीपीटी से कहते हैं, "मुझे बिगबॉस्केट से चार लोगों के लिए काजू करी की सामग्री ऑर्डर करने में मदद करें।'
- एआई एजेंट तुरंत बिगबॉस्केट का कैटलॉग देखेगा। जरूरी सामग्री चुनेगा और आपको विकल्पों की पेशकश करेगा।
- आपकी पुष्टि के बाद, यह रोजरपे के पेमेंट सिस्टम का इस्तेमाल करके भुगतान कर देगा।
- पूरा लेनदेन एक एआई असिस्टेंट की देखरेख में, सुरक्षित और यूजर-फ्रेंडली तरीके से होगा।